a2zpapers.com

**Exam. Code : 108005**
**Subject Code : 1980**

**B.A. (Hons.) 5th Semester**

**HINDI (Bhagti & Samkalin Kavya)**

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

**नोट :**—यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दें।

**भाग–I**

निम्नलिखित **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं :

1. मोहन सपरा के व्यक्तित्व की विशेषताएं बताएं।
2. 'आओ, गुफ़्तगू करें' कविता का आशय स्पष्ट करें।
3. मोहन सपरा की कृतियों के नाम बताएं।
4. रसखान का कृतित्व स्पष्ट करें।
5. रसखान की भाषा पर संक्षिप्त नोट लिखें।
6. रसखान के काव्य में संयोग वर्णन पर चर्चा करें।
7. तुलसीदास की रचनाओं के नाम लिखें।
8. 'उत्तरकाण्ड' का मूल भाव स्पष्ट करें।
9. रसखान की रचनाओं के नाम लिखें।
10. तुलसीदास की भक्ति का स्वरूप स्पष्ट करें। 10×2=20



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

## भाग–II

**नोट** :– यह भाग दो उपभागों मे विभक्त हैं। निर्देशानुसार उत्तर दें।

### उपभाग–I

निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **चार** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

1. लोग कहैं, अरु हौंहु कहौं, जनु खोटो-खरो रघुनायकहीको।
रावरी राम ! बड़ी लघुता, जसु मेरो भयो सुखदायकहीको।।
कै यह हानि सहौ, बलि जाउँ, कि मोहू करौ निज लायकहीको।
आनि हिएँ हित जानि करौ, ज्यों हौं ध्यान धरौं धनु-सायकहीको।।

2. जोग न बिरागु, जप, जाग, तप, त्यागु, ब्रत,
तीरथ न धर्म जानौं, बेदबिधि किमि है।
तुलसी-सो पोच न भयो है, नहि ह्वैहै कहूँ,
सोचैं सब, याके अघ कैसे प्रभु छमिहैं।।

3. मानुष हैं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पशु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नन्द की धेनु मँझारना।।
पाहन हौं तौ वही गिरि को जो धर्‌यो कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं तौ बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।।

4. लोक की लाज तजी तबहीं जब देख्यो सखी ब्रजचन्द सलोनो।
खंजन मीन सरोजन की छवि गंजन नैन लला दिनहोनो।।



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

रसखानि निहारि सकें जु सम्हारि कै को लिय है वह रूप सुठोनो।।

भौंह कमान सों (जोहन) कों सब बेधत प्राननि नन्द को छौनो।

5. लो, माँ !

इस बार फिर तुम्हारा मृत्यु-दिवस

मुझे चकमा दे गया

और मैं समुद्र की लहरें गिनने में मसरूफ़

जैसे हादसे का शिकार हो गया।

माँ, तुमने अच्छा नहीं किया

बिना कुछ कहे/बिना कुछ सहे

चली गईं चुपचाप/एक रात।

6. बाहर बंद खिड़की के पार

धूप हमारा इंतजार कर रही है।

क्यों तोड़ें रिश्ता ?

सभ्यता संस्कृति से।

विरासत से

देश भूगोल नहीं होता !

आदमी का आदमी से संवाद होता है ! 4×6=24

## उपभाग–II

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर दें :

(1) उत्तरकाण्ड के अंतर्गत 'चित्रकूट-वर्णन' पर नोट लिखें।



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

(2) तुलसीदास की भाषागत विशेषताएं बताएं।

(3) हरमहेन्द्र सिंह बेदी का कृतित्व स्पष्ट करें।

(4) 'संवादगाथा' कविता का मूल भाव स्पष्ट करें।

(5) रसखान की काव्यगत विशेषताओं पर चर्चा करें।

(6) रसखान के प्रेम भाव पर प्रकाश डालें। 6×4=24

## भाग–III

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें :

(1) रसखान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

(2) तुलसीदास की भक्ति भावना पर विस्तार से चर्चा करें।

(3) पाठ्यक्रम में निर्धारित हरमहेन्द्र सिंह बेदी की सभी कविताओं का मूल भाव स्पष्ट करें।

(4) मोहन सपरा के काव्य की विशेषताओं पर चर्चा करें।

16×2=32



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab